# मुख्यमंत्री ने की खेत में जुताई, बोये मंडुआ के बीज

## श्रीअन्न उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए सिरोर गांव में "लाइन शोइंग" विधि से की मंडुआ की बोआई

**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उत्तरकाशी के दो दिवसीय दौरे पर हैं। बीती रात उन्होंने उत्तरकाशी के सीमांत विकासखंड भटवाड़ी के ग्राम सिरोर, नेताला में बिताई। रविवार प्रातः काल वे नियमित सैर (मॉर्निंग वॉक) पर निकले। इस दौरान उन्होंने मार्ग में मिलने वाले ग्रामवासियों का कुशलक्षेम जाना। उन्होंने भागीरथी नदी से हो रहे कटाव के बारे में भी ग्रामवासियों से जानकारी ली।
इस दौरान उन्होंने सुबह-सुबह खेतों में काम रहे महिला-पुरूषों को देखा। अचानक ही वे ग्राम सिरोर के एक खेत में पहुंच गए। वहां पावर वीडर से उन्होंने जुताई शुरू की। कुछ देर जुताई करने के बाद उन्होंने कहा कि वे ग्रामीण परिवेश से आते हैं और आज सुबह सुबह जुताई करके आनंद आया। इसके बाद मुख्यमंत्री धामी ने श्री अन्न योजना के तहत उस खेत में मंडुवे के बीज की बुआई भी की। इसके बाद वहां उपस्थित किसानों, खासकर महिलाओं को मंडुए के बीज भी वितरित किए। मुख्यमंत्री धामी ने विभिन्न कृषि उपकरणों के बारे में जानकारी लेते हुए आधुनिक उपकरणों को किसानों को ज्यादा से ज्यादा वितरित किए जाने की बात कही। उन्होंने खेतों में जीवामृत खाद, बीजामृत खाद का भी छिड़काऊ किया। साथ ही जीवामृत खाद, बीजामृत खाद के इस्तमाल को खेतो में ज्यादा से ज्यादा बढ़ाए जाने की बात कही।
खेतों से वापसी के दौरान उन्होंने गांव में फलदार पौधों का रोपण भी किया। उन्होंने कहा कि बंजर भूमि में हम अधिक से अधिक फलदार पौधे लगाने चहिए। उन्होंने कहा प्रातः काल भ्रमण के दौरान ग्रामवासियों से मिलकर सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों का फीडबैक मिलता है। उत्तराखंड को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाए जाने का सपना गांव को आदर्श एवं सर्वश्रेष्ठ बनाने से ही पूरा होगा।



# तमंचे संग सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करना युवक को पड़ा महंगा

**पुलिस ने आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
सोशल मीडिया पर शनिवार को तमंचा लहराते हुए वीडियो वायरल करना युवक को भारी पड़ गया। मामला पुलिस के संज्ञान में आने पर पुलिस ने युवक के सिर चढ़ा हीरो बनने के भूत का उतार दिया। पुलिस ने आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।
एक युवक ने तमंचा लहराते हुए सोशल मीडिया पर अपना वीडियो अपलोड कर दिया। वीडियो का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने आरोपित 22 वर्षीय अरुण निवासी ग्राम बाबरी थाना बाबरी जिला शामली उप्र, हाल पता ब्रह्मपुरी रावली महदूद थाना सिडकुल हरिद्वार का एचडीएफसी एटीएम के पास ब्रह्मपुरी से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित के पास से एक तमंचा, 01 जिंदा कारतूस व मोबाइल बरामद किया है।



## संक्षिप्त खबरें

### उत्तराखंड : ऋषिकेश में ब्रह्मपुरी क्षेत्र में गंगा पार करते नागपुर का पर्यटक डूबा

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के बदरीनाथ-ऋषिकेश हाइवे के किनारे स्थित ब्रह्मपुरी क्षेत्र में गंगा पार करते समय नागपुर (महाराष्ट्र) का एक पर्यटक गहरे पानी में डूब गया। मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। समाचार लिखे जाने तक पर्यटक कुछ पता नहीं चल पाया था।
एसडीआरएफ निरीक्षक कविंद्र सिंह सजवाण ने बताया कि 42 वर्षीय शेखर बारस्कर पुत्र ज्ञानदेव बारस्कर निवासी रामटेक, जिला नागपुर,(महाराष्ट्र) बीती 9 जून 2023 को ब्रह्मपुरी आए थे, जो यहां अपने 10 अन्य साथियों के साथ राम तपस्थली आश्रम में ठहरे हुए थे। आज रविवार सुबह शेखर तपस्थली आश्रम के समीप गंगा में नहाने गया था। बताया जा रहा है कि नहाते समय शेखर ने गंगा नदी को पार करने का प्रयास किया। इसी बीच वह पानी की तेज धारा की चपेट में आकर वह डूबने लगा। शोर सुनकर जब तक साथी बचाने की कोशिश करते वह गहरे पानी में ओझल हो गया।
सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और पानी में लापता नागपुर महाराष्ट्र के पर्यटक की तलाशी शुरू कर दी है। नागपुर परिजनों को उक्त घटना के संबंध में सूचित कर दिया गया है।

### स्व. डीडी पंत की पुण्यतिथि पर बांटे फल

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
,उत्तराखंड क्रांति दल की ओर से स्व. डीडी पंत की पुण्यतिथि के मौके पर रविवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। सबसे पहले नैनीताल रोड स्थित डीडी पंत पार्क में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गयी।
दल के पदाधिकारियों ने स्व.पंत के व्यक्तित्व और कृतित्व के बारे में अपने विचार रखे। इसके बाद फल वितरण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। यहां भुवन जोशी, रवि वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

### गलियों में चलेंगे ई-रिक्शा, रूट से बाहर मिले तो सीज

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
साफ है कि ई-रिक्शा अब गलियों में ही चलेंगे। अगर मुख्य सड़क पर चलते पाए गए तो सीज होंगे। ई-रिक्शा और अन्य वाहनों के साथ ट्रक में प्रेशर हार्न मिलने पर चालक के प्रबंधक के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।
कोतवाली सभागार में टैक्सी यूनियन, ट्रक यूनियन, टेंपो यूनियन, ऑटो यूनियन और ई रिक्शा यूनियन के साथ हुई बैठक में एसपी सिटी हरबंस सिंह ने कहा, किसी भी ट्रक में प्रेशर हार्न नहीं पाया जाना चाहिए। चेकिंग में प्रेशर हार्न मिलने पर ट्रक चालक और प्रबंधक के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। टैक्सी, टेंपो, ऑटो प्रबंधकों को निर्देशित किया कि वह अपने ही स्टैंड से वाहन चलाना सुनिश्चित करेंगे और निर्धारित रूट कलर से अपने मार्ग पर चलेंगे।
ई-रिक्शा मेन रोड पर नहीं गलियों में चलेगा। मुख्य मार्ग पर ई-रिक्शा मिलता है तो सीज किया जाएगा। इसके अलावा जीरो जोन में ऑटो और ई-रिक्शा नहीं जाएंगे। उपरोक्त यातायात नियमों का पालन कराने के लिए कोतवाली की पीसी-1, थाना बनभूलपुरा की पीसी-2 चीता मोबाइल और थाना हल्द्वानी, बनभूलपुरा के रात्रि अधिकारी सुबह 4 बजे से बस स्टेशन और केएमओयू स्टेशन में यातायात के नियमों का पालन कराएंगे।

### पॉड टैक्सी रूट और कॉरिडोर पर कमेटी बनाये जाने पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने आभार जताया

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
राष्ट्रीय व्यापार मण्डल की मांग पर पॉड टैक्सी रूट और कॉरिडोर पर कमेटी बनाए जाने पर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बैठक कर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतिश्वरानंद का धन्यवाद किया।
बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष संजीव चौधरी ने कहा कि सबसे पहले पॉड टैक्सी रूट को शहर से हटाकर गंगा किनारे किनारे ले जाने की मांग राष्ट्रीय व्यापार मण्डल ने ही उठाई थी। निरन्तर हमने ये आंदोलन जारी रखा और पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतिश्वरानंद ने भी खुद व्यापार मण्डल को बुलाकर पॉड टैक्सी के बारे में जानकारी ली।

# वन दारोगा भर्ती लिखित परीक्षा देने को उमड़े अभ्यर्थी

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से आज वन दारोगा भर्ती की लिखित परीक्षा कराई जा रही है। प्रदेश में करीब 55 हजार अभ्यर्थी किस्मत आजमा रहे हैं। हल्द्वानी में परीक्षा के लिए बनाए गए 27 केंद्रों में सुबह 11 बजे से परीक्षा हुई।
प्रत्येक केंद्र पर अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग के लिए पुलिसकर्मी तैनात रहे। आयोग ने नकल रोकने के लिए जैमर भी परीक्षा केंद्रों में लगाए हैं। दोपहर 1 बजे तक सेक्रेड हार्ट पब्लिक स्कूल, एमबीपीजी कॉलेज, क्वीन्स आदि केंद्रों में परीक्षा होगी।

# क्षेत्रीय विधायक ने अमृत सरोवर का उद्घाटन कर किया नौका विहार

**डा. अग्रवाल ने पर्यटकों के अनुरूप बच्चों के झूले, ओवरब्रिज के निर्माण को 20 लाख रुपये की विधायक निधि देने की घोषणा की**

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
क्षेत्रीय विधायक और मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत अमृत सरोवर जोगीवाला माफी का विधिवत पूजा अर्चना के साथ रिबन काटकर शुभारंभ किया। रविवार को डा. अग्रवाल ने पर्यटकों के अनुरूप बच्चों के झूले, ओवरब्रिज के निर्माण को 20 लाख रुपये की विधायक निधि देने की घोषणा भी की। इस मौके पर उन्होंने अमृत सरोवर में नौका विहार का आनंद भी उठाया। इसी के साथ अमृत सरोवर जोगीवाला माफी का विधिवत संचालन प्रारंभ हो गया।
जोगीवाला माफी में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक डा. अग्रवाल का भव्य स्वागत भी किया गया। उन्होंने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव को पूरा देश धूमधाम से मना रहा है। उत्तराखंड में करीब दो हजार अमृत सरोवर बनाए गए हैं। इसी क्रम में जोगीवाला माफी में अमृत सरोवर का निर्माण किया गया है। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों को रोजगार के साधन उपलब्ध होंगे। डा. अग्रवाल ने बताया कि इस अमृत सरोवर की लागत 38 लाख 85 हजार रुपये है, जो पंचायत भूमि पर बनाया गया है। उन्होंने बताया कि इसकी लंबाई 71 मीटर और चौड़ाई 51 मीटर है, जो लगभग 3500 मीटर स्क्वायर में फैला हुआ है। उन्होंने बताया कि इसमें पानी की मात्रा 5300 क्यूबिक मीटर है। उन्होंने अमृत सरोवर के स्वरूप को बनाए रखने को कार्य देखने वाली महिला मंगल दल और युवक मंगल दल के पदाधिकारियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित भी किया। इस मौके पर जोगीवाला माफी के प्रधान सोबन सिंह कैंतुरा ने अमृत सरोवर के सौंदर्यीकरण के लिए मदद करने का आग्रह किया। इस पर मंत्री डा. अग्रवाल ने 20 लाख रुपये की विधायक निधि देने की घोषणा की। इस पर ग्रामीणों ने आभार प्रकट किया।



# ग्रामीणों ने श्रमदान कर बनाया पैदल मार्ग

**भरकी भेंटा चक उर्गम का पैदल मार्ग प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कारण कई दिनों से मलबा आने से बन्द था**

**जोशीमठ/टीम एक्शन इंडिया**
उर्गम घाटी के पिलखी गांव के ग्रामीणों ने स्वयं श्रमदान कर अपना गांव का रास्ता खोलने का प्रयास किया है। भरकी भेंटा चक उर्गम का पैदल मार्ग प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कारण कई दिनों से मलबा आने से बन्द था। इसके कारण गांव के छोटे-छोटे बच्चे, वृद्ध और बीमार लोगों को आने जाने में बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। कई बार पीएमजीएसवाई और प्रशासन के अधिकारियों से पत्राचार किया, लेकिन जब सब जगह से निराशा हाथ लगी तो रविवार को ग्रामीणों ने स्वयं सब्बल, गैंती, फावड़ा लेकर के पैदल रास्ता को ठीक करने का काम शुरू किया और लगभग आधा किलोमीटर पैदल रास्ता आवाजाही को तैयार कर लिया।
ग्रामीणों का कहना था कि वे लोग कितने दिन तक सरकार का मुंह ताकते रहेंगे। मुख्य विकास अधिकारी चमोली को इस रास्ते के संबंध में ज्ञापन दिया गया था, लेकिन उस पर भी कोई कार्रवाई नहीं हो पाई।



# चोरी की मोटर साइकिल के साथ एक गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
रानीपुर कोतवाली पुलिस ने बाइक चोरी के एक आरोपित को चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के पास से चोरी की बाइक भी बरामद कर ली है।
पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकद्मा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।
रानीपुर पुलिस रविवार को चेकिंग अभियान पर थी। इसी दौरान बंदा नंबर 7 सुमन नगर एक व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ा। उसके पास से चोरी की बाइक नंबर यूके 08 टी-3204 बरामद की। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम सौरव उम्र 21 वर्ष पुत्र नीटू निवासी ग्राम गढ़ कोतवाली रानीपुर हरिद्वार बताया।

# उप्र के मुख्यमंत्री योगी से मिले बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र, धाम आने का दिया आमंत्रण



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
बदरीनाथ- केदारनाथ समिति (बीकेटीसी) के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर उन्हें बदरी-केदार की यात्रा का आमंत्रण दिया। इस दौरान उत्तर प्रदेश में स्थित बीकेटीसी की संपत्तियों के संरक्षण को लेकर भी चर्चा की।
बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने मुख्यमंत्री को केदारनाथ और बदरीनाथ धाम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में चल रहे पुनर्निर्माण के कार्यों की जानकारी दी।
अजेंद्र ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उत्तर प्रदेश के अमीनाबाद और फतेहपुर में स्थित बीकेटीसी की संपत्तियों के सरंक्षण में सहयोग का अनुरोध भी किया। जिस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तत्काल प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए।
मुख्यमंत्री के निर्देश पर लखनऊ और फतेहपुर के जिला प्रशासन और राजस्व विभाग के अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई शुरू करते हुए रविवार को ही मौके पर पहुंच कर बीकेटीसी की संपत्तियों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने तत्काल बीकेटीसी से भी परिसंपत्तियों के अभिलेख मांगे हैं ताकि उचित कार्रवाई अमल में लाई जा सके।
उधर, रविवार को अजेंद्र ने भी लखनऊ के अमीनाबाद स्थित बीकेटीसी की परिसंपत्तियों का निरीक्षण किया। उन्होंने मंदिर में पूजा अर्चना भी की। इस दौरान अजेंद्र ने बीकेटीसी की संपत्तियों को संरक्षण के लिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार भी व्यक्त किया।

# सीमावर्ती क्षेत्रों का जल्द दौरा करेंगे रक्षा मंत्री: ग  ेश जोशी

**उत्तराखंड के सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को नई दिल्ली रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह में भेंट की**

**देहरादून**
उत्तराखंडके सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को नई दिल्ली रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह में भेंट की। इस दौरान उन्होंने उत्तराखण्ड के 9 छावनी परिषदों में अवस्थापना विकास के कार्यों के लिए बजट जारी करने का अनुरोध किया। इस मुलाकात के बाद गणेश जोशी ने बताया कि रक्षा मंत्री उत्तराखण्ड के सीमावर्ती क्षेत्र का जल्द ही दौरा करेंगे।
रविवार को नई दिल्ली स्थित रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके आवास पर मुलाकात के दौरान गणेश जोशी ने देहरादून स्थित राष्ट्रीय सैन्य अकादमी (आईएमए) में लगभग 50 करोड़ की लागत से निर्मित अंडरपास निर्माण के कार्य का लोकार्पण करने का भी आग्रह किया।
उन्होंने कहा कि भारतीय सैन्य अकादमी में बने इन अंडरपासों के कारण मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति से छुटकारा मिल गया है। इसके लिए मंत्री ने रक्षा मंत्री का आभार प्रकट किया। छावनी परिषदों के विकास के लिए मंत्री ने अनुरोध किया कि सड़कों, पेयजल योजनाओं एवं ठोस अवशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए बजट जारी किया जाना अति आवश्यक है। उन्होंने सीएसडी कैंटीनों में पूर्व सैनिकों के लिए बढ़ाई गयी सुविधाओं के लिए भी रक्षा मंत्री का आभार प्रकट किया।



# दिल्ली से दोस्तों के साथ ऋषिकेश गंगा स्नान करने के लिए आया युवक डूबा

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
दिल्ली से छह दोस्तों के साथ ऋषिकेश आया युवक गंगा में डूब गया, जबकि उसे बचाने के लिए गंगा में उतरे पांच युवकों को जल पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने व्यष्टि अभियान चलाकर बचा लिया।
एसडीआरएफ के प्रभारी कविंदर ने शनिवार को बताया कि रविवार की दोपहर सूचना मिली कि चंद्रेश्वर नगर स्थित घाट पर गंगा में स्नान करते हुए कुछ लोग बह रहे हैं। इस पर एसडीआरएफ और घाट जल चौकी के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने व्यष्टि अभियान चलाकर 5 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया जबकि उनका एक साथी गंगा में डूब गया है। मौके पर उपस्थित अभिषेक के चाचा के लड़के शिवम ने बताया कि वे दिल्ली से 6 दोस्त 10 जून को ऋषिकेश आए थे और आज सुबह ही वे ऋषिकेश पहुंचे। चंद्रेश्वर नगर मायाकुंड स्थित नाव घाट पर सभी लोग गंगा में स्नान करने लगे, तभी 20 वर्षीय अभिषेक पुत्र किशनचंद गली नंबर 10 शिव राम कॉलोनी निलोठी नागलोई, दिल्ली गंगा में डूब गया।से बचाने के लिए 20 वर्षीय शिवा पुत्र रोहन लाल, आर जेड 140 निहाल विहार नांगलोई दिल्ली, 21 वर्षीय विशाल पुत्र सुनील 49 नेपाली मंदिर पनजीत नगर दिल्ली, 20 वर्षीय प्रतीक पुत्र प्रवीण कुमार, दिल्ली कैंट, गंगा में उतरे और वे भी डूबने लगे। इसकी सूचना एचडीआरएफ टीम को दी गई, जिसने रेस्क्यू कर 5 लोगों को बचा लिया है जबकि अभिषेक की तलाश जारी है।
घाट चौकी प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि यह घटना जहां पर हुई है, वहां पर काफी गहरा पानी है। पुलिस ने यहां पर गंगा स्नान के लिए प्रतिबंधित भी किया है। इसके बावजूद भी लोग यहां स्नान कर रहे हैं।
उल्लेखनीय की त्रिवेणी घाट पर जी-20 के चलते विकास कार्य किए जा रहे हैं, इसलिए त्रिवेणी घाट पर गंगा स्नान किया जाना प्रतिबंधित किया गया है।



# महारानी अहिल्याबाई होल्कर जयंती हिन्दू साम्राज्य दिवस पखवाड़ा उत्सव संगोष्ठी का आयोजन

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
हल्द्वानी के डाकघर फतेहपुर में भारत रक्षा मंच ने महारानी अहिल्याबाई होल्कर जयंती हिन्दू साम्राज्य दिवस पखवाड़ा उत्सव संगोष्ठी हुई।
इसमें भारत रक्षा मंच उत्तराखंड प्रांत के संगठन मंत्री आशीष वाजपेयी ने बताया कि उत्तराखंड के अलग-अलग क्षेत्र में इन संगोष्ठियों के माध्यम से हम समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों को इन वीर महारानियों व महापुरुषों के शौर्य पराक्रम त्याग और संघर्षों से अवगत करा रहे है।
उन्होंने बताया कि आज युवाओं, छात्रों, महिलाओं व हर राष्ट्र भक्तों को अहिल्याबाई होल्कर के जीवन से प्रेरणा लेने की और आज की परिस्थितियों को देखते हुए प्रत्येक महिला को रानी अहिल्याबाई होल्कर बनने की जरूरत है।
समाज में बढ़ रहे अपने ऊपर अत्याचारों से निपटने के लिए मां दुर्गा बनना होगा। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है यह तभी सम्भव हो सकता जब मातृशक्ति को राष्ट्र आत्मनिर्भर के विषय के साथ साथ समाज में हमारी मूल संस्कृति और आस्था से हो रहे खिलवाड़ से अवगत होने की जरूरत है। जब जब विदेशी आक्रांताओं ने हमारे देश के अंदर मंदिर, मठ, गुरुद्वारा व हमारी संस्कृति का नष्ट-भ्रष्ट कर दिया। उन टूटे हुए मंदिरों का पुनः निर्माण व धर्म का उत्थान किया। देश के हर नागरिक को अहिल्याबाई होल्कर के योगदान को याद करने की आवश्यकता है। भारत रक्षा मंच आप सभी से अनुरोध करता है कि हम सभी को एकता के सूत्र में बंधकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए ताकि भारत विश्व गुरु बन सके। देवभूमि उत्तराखंड के अंदर घुसपैठिए यहां हमारी मूल संस्कृति को नष्ट कर रहे हैं।

